प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 12.09.2026 (दोपहर–1310 बजे)
मुख्य समाचार

- केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने साझा किए महिला और बाल विकास के आंकड़े; देश के 14 लाख से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों से साढ़े सात करोड़ बच्चों को मिल रहा सीधा लाभ।।

- राज्य में पेयजल योजनाओं की सुस्त रफ्तार पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद सख्त; लंबित ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं को 15 दिनों में शुरू करने का दिया निर्देश।

- रांची रेल मंडल में अमृत भारत योजना के तहत पिस्का और मुरी सहित 5 स्टेशनों का आधुनिकीकरण पूरा, बाकी 12 पर काम अंतिम चरण में।

- एनआईए के निशाने पर आए माओवादी दस्ते के खिलाफ बिहार–झारखंड की संयुक्त टास्क फोर्स का बड़ा सर्च अभियान, सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर के जवान मोर्चे पर।

- मौसम विभाग ने जारी किया ताजा पूर्वानुमान; राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में कल से मौसम साफ होने और बारिश से राहत की उम्मीद।

************************

देशभर में 14 लाख से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र स्वस्थ भारत, सशक्त भारत के संकल्प को साकार करने में जुटे हैं। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि इन केंद्रों के माध्यम से वर्तमान में साढ़े सात करोड़ बच्चों और एक करोड़ 10 लाख गर्भवती एवं धात्री माताओं को पोषण, स्वास्थ्य तथा देखभाल सेवाओं का सीधा लाभ मिल रहा है।

************************

राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं की धीमी रफ्तार पर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। नेपाल हाउस में हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने लंबित योजनाओं को 15 दिनों के भीतर शुरू करने को कहा।

************************

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रांची रेल मंडल के 17 स्टेशनों का करीब 170 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिकरण किया जा रहा है। रांची रेल मंडल की सीनियर डीसीएम श्रेया सिंह ने बताया कि पिस्का, मुरी और गोविंदपुर रोड सहित 5 स्टेशनों का विकास कार्य पूरा हो चुका है।

************************

पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला रेलवे स्टेशन पर दो प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव शुरू हो गया है। जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने गीतांजलि एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर इस नई सेवा का उद्घाटन किया।

************************

रामगढ़ कॉलेज में नवाचार, स्टार्ट–अप और ग्रामीण उद्यमिता प्रकोष्ठ का उद्घाटन किया गया। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. चंद्र भूषण शर्मा ने इसका उद्घाटन करते हुए कॉलेजों को डिग्री के साथ स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर दिया।

************************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार एसआईआर के तहत अब तक 7 लाख 22 हजार 440 आवेदन और आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। दावा–आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2026 निर्धारित है, जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 19 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा।

************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

************************

कोडरमा में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना गरीबों और गंभीर मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। जिले के सरकारी और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में गॉलब्लडर, किडनी पथरी और हर्निया के मुफ्त ऑपरेशन किए जा रहे हैं। इस योजना से हजारों परिवारों को इलाज के भारी खर्च और आर्थिक तंगी से बड़ी आजादी मिली है।

************************

बिहार–झारखंड के मोस्टवांटेड और एनआईए के निशाने पर आए माओवादी नितेश यादव के दस्ते के खिलाफ बड़ी सैन्य कार्रवाई के लिए एक संयुक्त टास्क फोर्स बनाई गई है। सीमावर्ती इलाकों में तैनात इस स्पेशल टीम में सीआरपीएफ, एसएसबी, बिहार एसटीएफ और झारखंड जगुआर के जवान शामिल हैं। पलामू के डीआईजी किशोर कौशल ने कड़ी चेतावनी दी है कि इस इनामी नक्सली की मदद करने या लेवी का पैसा इन्वेस्ट करने वाले सफेदपोशों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

************************

जमशेदपुर में वोटर लिस्ट फर्जीवाड़े में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अफगानी नागरिक मोहम्मद इब्राहिम को गिरफ्तार कर लिया है। विशेष पुनरीक्षण के दौरान संदिग्ध नाम सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई। सिटी एसपी ललित मीणा ने बताया कि पुलिस इस मामले में शामिल दो अन्य फरार अफगानी नागरिकों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

************************

दुमका में डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वे का काम तेजी से जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि खरीफ मौसम में जिले के 18 लाख 56 हजार से अधिक भू–खंडों के सर्वे का लक्ष्य है।

************************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 43 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख 42 हजार रूपये प्रति किलो है।

************************

राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में अगले एक हफ्ते तक बारिश से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम केंद्र रांची के अनुसार, कल से मौसम साफ होने की संभावना है।

********समाप्त**************